प्रेस विज्ञप्ति

एमपीयूटी का 14वाँ दीक्षान्त समारोह 24 दिसम्बर को

उदयपुर 23 नवम्बर, 2020 ! महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर का चौहदवॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 को आयोजित किया जायेगा। माननीय कुलपति एमपीयूएटी डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि माननीय राज्यपाल, राजस्थान एवं कुलाधिपति महोदय की दीक्षान्त समारोह आयोजन करने हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित कार्यक्रम की रूपरेखा की स्वीकृति हेतु पत्र अग्रेषित कर दिया गया है।

उन्होने कहा कि इस बार दीक्षान्त समारोह का आयोजन कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशो के अनुरूप पूर्ण सावधानी बरतते हुए ऑनलाइन सिस्को वैबेक्स के माध्यम से आयोजित किया जायेगा । इसमें सत्र 2019–2020 में उत्तीर्ण सभी संकायों के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति छात्र/छात्राओं, जिनके परीक्षा परिणाम दिनांक 10 नवम्बर, 2020 तक घोषित हो चुके है, को उपाधियॉ एवं योग्य विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे।

माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदय द्वारा सभी संकायों मे से एक को चांसलर मेडल भी प्रदान किया जायेगा। दीक्षान्त समारोह के संबंध में अन्य जानकारी एवं सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट डब्लू डब्लू डब्लू . एमपीयूएटी . एसी . इन पर उपलब्ध करवाई जायेगी। दीक्षान्त समारोह के समन्वयक डॉ. अजय कुमार शर्मा ने बताया कि दीक्षान्त समारोह ऑनलाइन सिस्को वैबेक्स के माध्यम से होने के कारण डिग्री प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, इस हेतु सभी विद्यार्थियों को पूर्व में सूचित कर दिया जायेगा। डॉ. अजय कुमार शर्मा ने बताया कि माननीय कुलपति की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें उपरोक्त निर्णय लिये गये। उन्होने समारोह का आयोजन पूर्ण गरीमामय रूप से आयोजित करने के निर्देश भी दिये।